प्रमुख नई कोयला-उत्खनन परियोजनाएं

20. **श्री राम जेठमलानी :**

श्री विनेन्द्र कुमार जैन :

श्री सुरेश कलमाडी :

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार देश में कोयले के उत्पादन में वृद्धि करने के लिए 1500/- करोड़ रुपए की एक योजना का प्ररूप बना रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने उक्त योजना का प्ररूप तैयार कर लिया है;

(ग) क्या सरकार ने इस आशय का कोई मूल्यांकन किया है कि इस योजना के कार्यान्वयन के बाद देश में कोयले की उत्पादन लागत कम हो जाएगी; और

(घ) यदि हां, तो उक्त योजना के कार्यान्वयन के पहले और बाद में कोयला उत्पादन की औसत लागत कितनी-कितनी होगी ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) और (ख) सरकार ने कोल इण्डिया लि. तथा सिंगरेनी कोलियरीज कम्पनी लि. के लिए वर्ष 1993-94 की वार्षिक योजना के अंतर्गत 2543 करोड़ रु. के पूंजी निवेश को अनुमोदन दे दिया है जिसके लिए कोयला के उत्पादन में वृद्धि किए जाने के लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं ।

(ग) और (घ) कोयला उत्पादन की लागत निम्न मुद्दों पर निर्भर करती है---मैंके ढुलाई-दूरी में वृद्धि और लागत में तथा अन्य लागतों में मुद्रास्फीति । किसी भी समय में इन मुद्दों के संबंध में कोई सही अनुमान नहीं लगाया जा सकता है । किन्तु, कोयला कम्पनियां, लागत नियंत्रण उपायों को अंगीकृत किए जाने के लिए 2-3% लागत वृद्धि को, जोकि मुद्रास्फीति के कारण हुई है, समाहित करने का प्रयास कर रही हैं ।

Impact of hike in' coal prices OH coal baaed industries

21. SHRI P. UPENDRA : Will the Minister of COAL be pleased to state :

(a) whether the recent liks in coal prices has a serious impact on coal-based industries, and

(b) if so, what steps Government are taking to help the industries and contain inflation '?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COAL (SHRI AJIT KUMAR PANJA) : (a) and (b) The impact of the increase in the prices of coal effected on 17-2-1993 has been estimated to be minimal in so far as the various consumers are concerned. In regard to coal supplied by Coal India Limited, for power industry the impact is estimated to be only 2.9 paise per KWH. Similarly, for steel industry the impact per tonne of steel is estimated to be Rs. 142. The impact on the Whole Sale Price Index is estimated to be only 0.32 per cent. Due to varioui measures taken by Government, the rats of inflation for the year 1992-93 has been contained within seven per cent.

शहडोल कोयला भंडारों से कोयले की चोरी

22. **श्री अजीत जोगी :**

चौधरी हरि सिंह :

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शहडोल (मध्य प्रदेश) के आस-पास कोयला भंडारों से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में कोयले की चोरी की जा रही है;

(ख) क्या कुछ ठेकेदार इस प्रयोजन के लिए बड़ी संख्या में कुली काम पर लगाते हैं;

(ग) वर्ष 1990-91 के दौरान अधिकारियों ने चोरी के कितने मामलों का पता लगाया है और कितने मूल्य का कुल कितना कोयला बरामद किया गया है;

(घ) कोयले की चोरी में अंतर्ग्रस्त व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है; और